


# सीधी शहर में गूंजे देशभक्ति के नारे, निकली भव्य तिरंगा यात्रा

## कलेक्ट्रेट से पूजा पार्क तक निकली तिरंगा यात्रा, सीधी विधायक, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ समेत अन्य अधिकारी, विद्यार्थी हुये शामिल





नवभारत न्यूज

**सीधी 12 अगस्त। प्रदेश के साथ-साथ सीधी जिले में भी हर घर तिरंगा अभियान पूरे उत्साह के साथ चलाया जा रहा है। अभियान के तहत कलेक्ट्रेट कार्यालय से पूजा पार्क तक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।**

इस दौरान पूरा मार्ग देशभक्ति के गीतों तथा नारों से गुंजायमान रहा। इस अवसर पर संबोधित करते हुए विधायक सीधी श्रीमती पाठक ने कहा कि हाथ में तिरंगा का होना गर्व और सम्मान की अनुभूति कराता है। आज हम स्वतंत्र हवा में सांस ले रहे हैं यह हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा देश के वीर सैनिकों के त्याग, समर्पण और बलिदान का परिणाम है। हमारे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने इस अभियान के माध्यम से सहभागी बनकर देश के गौरव का यशगान करने का अवसर दिया है।

उन्होंने सभी से आह्वान किया कि इस अभियान में सहभागी बनें तथा 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों में देश की आन-बान-शान तिरंगे को गर्व से फहरायें। विधायक ने कहा कि सभी देशवासी को देश की रक्षा और सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना होगा। हम एकजुट होकर हर चुनौती का सामना करने में सक्षम हैं। विधायक ने शहरवासियों को प्रधानमंत्री जी के हर घर स्वच्छता अभियान में सहभागी बनने की अपील की है। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सोमवंशी द्वारा उपस्थितजनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

### तिरंगा यात्रा में इनकी रही सहभागिता

सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ .रविन्द्र वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, पार्षद श्रीमती पूनम सोनी, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती मिनी अग्रवाल, गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं सहित शहरवासियों ने पूरे उत्साह के साथ तथा मीडिया के साथियों ने तिरंगा यात्रा में सहभागिता की।

# राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल सीधी में करेंगे ध्वजारोहण

## परेड ग्राउण्ड में आयोजित होगा मुख्य समारोह



नवभारत न्यूज

**सीधी 12 अगस्त। प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) दिलीप जायसवाल स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। राज्यमंत्री श्री जायसवाल स्थानीय पुलिस परेड ग्राउण्ड में प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे।**

स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन के सम्बन्ध में कलेक्टर कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मुख्य अतिथि द्वारा प्रातः 09 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा। तदुपरांत निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार समस्त गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष मुख्यमंत्री मोहन यादव के स्वतंत्रता दिवस संदेश का राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया जावेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां होंगी। उसके पश्चात प्रतिभागियों तथा उत्कृष्ट कार्य हेतु शासकीय सेवकों को मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कार वितरित किया जायेगा।

# हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्र भक्ति के प्रकटीकरण का महोत्सव : देव कुमार



नवभारत न्यूज

**सीधी 12 अगस्त। भारतीय जनता पार्टी द्वारा हर घर तिरंगा अभियान स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व के पूर्व आयोजित किया जा रहा है। हर घर तिरंगा अभियान प्रत्येक नागरिक के राष्ट्रभक्ति के प्रकटीकरण का महोत्सव है।**

उक्त आशय के विचार हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे कार्यक्रम को कुसमी मंडल में संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज देश राष्ट्रभक्ति और स्वदेशी के मूल भाव से ओत-प्रोत है। पहले तिरंगा कुछ विशिष्ट लोगों की जागीर हुआ करती थी किन्तु भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को हर व्यक्ति के लिए खोल दिया गया है। श्री चौहान ने प्रत्येक नागरिक का आह्वान किया कि वे हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होकर अपने घरों और प्रतिष्ठानों में तिरंगा ध्वज शान से फहराए। इसके साथ ही देशभक्ति के गीत गानों के बीच विशाल तिरंगा यात्रा नगर के विभिन्न स्थानों से होते हुए निकली। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कुसमी मंडल अध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ.देवेन्द्र त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष संदीप द्विवेदी, जिला महामंत्री विनोद साकेत, भानु प्रताप सिंह, डॉ.यू.के. श्रीवास्तव, हीराबाई सिंह, जमुनी देवी, मोर्चा अध्यक्ष निशांत मिश्रा, इंद्रप्रकाश गुप्ता, राजकुमार तिवारी, सुरेन्द्र वैश्य, राम भरत मिश्रा, राजकरण कुशवाहा, संजीव गुप्ता, राजेन्द्र तिवारी, संगीता सिंह, रन्नू साकेत, विक्रमादित्य मिश्रा, जितेन्द्र सिंह परिहार, अविनाश मिश्रा, दशमतिया साहू, समय लाल गुप्ता, जगजीवन सिंह, राम सिंह सहित सैकड़ो स्थानीय जन उपस्थित रहे।

# जिले में खाद की किल्लत, किसानों का हो रहा शोषण : शिवसेना

▶ संभागीय कमिश्नर के नाम जिला विपणन अधिकारी को सौंपा पत्र



नवभारत न्यूज

**सीधी 12 अगस्त। जिले में खाद संकट गहराने से किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय ने संभागीय कमिश्नर के नाम जिला विपडन अधिकारी को पत्र सौंपकर जिला विपणन केन्द्रों पर हो रही अनियमितताओं की शिकायत की है।**

श्री पाण्डेय ने कहा कि जिले के विभिन्न केन्द्रों पर प्रतिदिन सैकड़ों किसान खाद लेने पहुंचते हैं लेकिन पर्याप्त आपूर्ति न होने से उन्हें खाली हांथ लौटना पड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर मिलावटी खाद बेची जा रही है और कालाबाजारी चरम पर है। कोसों दूर से आने वाले किसान घंटों लाइन में खड़े रहने के बावजूद निराश होकर लौट जाते हैं जिससे उनकी फसलों और उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रभारी मंत्री द्वारा पर्याप्त खाद होने का दावा किया गया था लेकिन हकीकत यह है कि सैकड़ों किलोमीटर से किसान सीधी मुख्यालय आकर भी बिना खाद के लौट रहे हैं। शिवसेना ने मांग की है कि जिले में खाद की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, वितरण प्रणाली पारदर्शी बनाई जाए और मिलावटी खाद व कालाबाजारी पर तत्काल रोक लगाई जाए। श्री पाण्डेय ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो किसानों की आर्थिक हानि और कृषि उत्पादन में भारी गिरावट होगी ।इस दौरान प्रमुख रूप से शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय, संभाग आयोजक संतकुमार केवट, जिलाध्यक्ष बेनाम सिंह बघेल उर्फ भोले, जिला मंत्री आशीष मिश्रा, नगर अध्यक्ष जैनेन्द्र सिंह चौहान उर्फ मुन्ना, नगर सह संयोजक राजन मिश्रा, युवा कोषाध्यक्ष लाला वर्मा, सुनील गुप्ता मौजूद रहे।

# सांदीपनि विद्यालय में आयोजित हुई तिरंगा यात्रा



नवभारत न्यूज

**सीधी 12 अगस्त। शासकीय सांदीपनि कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी में भारत सरकार के हर घर तिरंगा 2025 कार्यक्रम अंतर्गत विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों एनसीसी, एनएसएस, रेडक्रॉस एवं स्काउट-गाइड द्वारा विद्यालय प्रांगण में तिरंगा यात्रा बड़े उत्साह के साथ निकाली गई।**

विद्यार्थियों द्वारा देश प्रेम से ओत-प्रोत बुलंद नारे लगाए गए। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य आरती पाण्डेय, प्रवीण मिश्रा, रामसुशील यादव, वीरेन्द्र तिवारी, विजय शर्मा, प्रवेश पाण्डेय, ज्वाला प्रसाद पटेल, संजय पाण्डेय, मुकेश सिंह, आशीष पाण्डेय एवं समस्त शिक्षक बच्चे उपस्थित रहे।

# विधानसभा में उठाएंगे मांग, नहीं मानी सरकार तो आएंगे छात्रों के आंदोलन में : राहुल

## विश्वविद्यालय स्थापना की मांग को लेकर चुरहट विधायक को छात्रों ने ज्ञापन सौंपा



नवभारत न्यूज

**चुरहट 12 अगस्त। मध्यप्रदेश के सीधी जिले में विश्वविद्यालय की मांग पिछले 5-6 वर्षों से लगातार चली आ रही है। इसी कड़ी में जिले के चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल को छात्र-छात्राओं ने उनके गृह ग्राम शिवराजपुर सांडा पहुंचकर सीधी जिले में विश्वविद्यालय स्थापना हेतु ज्ञापन सौंपा है।**

छात्र संगठन का नेतृत्व कर रहे शोध छात्र इंद्रलाल पटेल ने जिले के उच्च शिक्षा की समस्या एवं प्रवेश लेने से लेकर डिग्री पाने तक की तमाम समस्या को बताया और कहा कि हजारों प्रकार की पढ़ाई में नाम मात्र के दो-तीन संकाय की परम्परागत पढ़ाई जिले में मुश्किल से हो पाती है। बांकी अन्य कोर्स के लिए अन्य जिले प्रदेशों में जा कर शिक्षा लेते हैं या अपनी पढ़ाई रोक देते हैं या विपरीत विषय को लेकर पढ़ने को मजबूर हैं। समस्याओं को सुनने के बाद श्री सिंह ने छात्रों से कहा कि आप लोगों की मांग जायज है और हम विश्वविद्यालय मांग को विधानसभा में रखेंगे, यदि सरकार बात नहीं सुनेगी तो हम भी आप सभी छात्रों के साथ आंदोलन में आ जाएंगे। ज्ञापन सौंपने वाले छात्रों में इंद्रलाल, ज्योति पटेल, अंकुर सिंह, विजय पटेल, मुस्कान द्विवेदी, राहुल यादव, आरती तिवारी, शिवानी रावत, रोशनी पटेल, कृपाशंकर पटेल, मोहनलाल साहू, संगम रावत, बरसा कोल, शिवम सिंह चौहान, रंजना पटेल, महेश पटेल, सुमित पटेल, अमित कुमार पटेल, सलमान खान, पायल रावत, सपना रावत, पुष्पांजलि साकेत, अमरदीप पटेल, साधना साकेत, अरुण पटेल, स्मृति साहू, राम प्रकाश पटेल एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### एक नजर में

## कलेक्टर-एसपी ने किया परेड ग्राउंड का निरीक्षण



**सीधी।** स्वतंत्रता दिवस समारोह के गरिमामय आयोजन के संबंध में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी एवं पुलिस अधीक्षक डॉ .रविन्द्र वर्मा द्वारा पुलिस परेड ग्राउंड का निरीक्षण किया गया। उन्होंने समारोह स्थल की साफ-सफाई समतलीकरण, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था आदि के विषय में सभी संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की तथा निर्देशित किया है कि सभी संबंधित अधिकारी दिए गये दायित्वों का पूरी गंभीरता से पालन करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अंशुमन राज, एएसपी अरविन्द श्रीवास्तव, एसडीएम गोपद बनास नीलेश शर्मा, डीएसपी अमन मिश्रा, सीएमओ श्रीमती मिनी अग्रवाल सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एड्स सघन जागरूकता अभियान का शुभारंभ



**सीधी।** जिले में आज 12 अगस्त को तिरंगा यात्रा एवं स्वच्छता अभियान की रैली के साथ सघन एड्स जागरूकता अभियान 12 अगस्त से 12 अक्टूबर तक के कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी, सीधी विधायक रीती पाठक, पुलिस अधीक्षक डॉ .रविन्द्र वर्मा की उपस्थिति में किया गया। इस कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ .एस .बी .खरे, एड्स नोडल अधिकारी डॉ .हिमेश पाठक एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सीधी विधायक एवं कलेक्टर सीधी द्वारा सघन एड्स जागरूकता अभियान को लेकर सुझाव दिया गया कि हम सब लोग मिलकर जागरूकता ले आने का प्रयास करे यह हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। यह अभियान पंचायतों, स्कूलों एवं कॉलेजों मैं जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से चलाया जाए। तिरंगा यात्रा एवं सघन एड्स जागरूकता अभियान रैली जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय से होते हुऐ सम्राट चौक एवं पूजा पार्क में जाकर रैली कार्यक्रम का समापन किया गया। सीएमएचओ डॉ .बबिता खरे ने बताया कि शासन द्वारा 2 से 15 अगस्त की अवधि में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव अभियान का जिले में व्यापक स्तर से क्रियान्वयन किया जा रहा है। तिरंगा रैली को हरी झंडी देकर रवाना किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के सभी कार्यक्रम अधिकारी, चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ सहित आशा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# तिरंगा हमारी आन बान और शान, हर घर में लहराए तिरंगा : देवेन्द्र




नवभारत न्यूज

**सीधी 12 अगस्त। भारतीय जनता पार्टी पटपरा मंडल में आयोजित हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद सीधी के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा नेता देवेन्द्र सिंह मुन्नू ने बतौर मुख्य अतिथि तिरंगा यात्रा में हिस्सा लिया और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।**

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए तिरंगा यात्रा के पूर्व मुख्य अतिथि देवेन्द्र सिंह मुन्नू ने कहा कि तिरंगा हमारी आन बान और शान है। इसे हर व्यक्ति को अपने घर में शान से फहराना चाहिए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय, वंदे मातरम, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के शानदार उद्घोष किए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से तिरंगा यात्रा के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष अनिल पाण्डेयए महामंत्री अशोक पटेल, मंडल अध्यक्ष विनोद पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज सिंह, राज राखन पटेल, नीरज द्विवेदी, राम लखन पटेल, नंदलाल पटेल, अशोक तिवारी, घनश्याम द्विवेदी, श्रीमती कामिनी सिंह, जयप्रकाश तिवारी सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे।

# गायत्री मंदिर में आयोजित श्रीमद भागवत की भव्य कलश यात्रा आज

नवभारत न्यूज

**सीधी 12 अगस्त। श्रीमद् भागवत कथा गायत्री मंदिर में आयोजित है। जहां कथा प्रवक्ता के रूप परम पूज्य बांके बिहारी शास्त्री जी महाराज के मुख से अमृतमय रस वर्षा होगी।**

उसके पूर्व कलश यात्रा कार्तिकेय, हनुमान मंदिर वेटरिनरी हॉस्पिटल के पास सिंगरौली रोड से चलकर सम्राट चौक अस्पताल चौराहा होते हुए पूजा पार्क गायत्री मंदिर पहुंचेगी। उक्त भव्य कलश यात्रा में आप सभी सुबह 9 बजे पहुंचकर सहभागी बने। यह कलश यात्रा श्रीमद् भागवत के प्रारंभ नगर भ्रमण कर आगाज कर रहा है कि आप सभी भक्तगण सहभागी बने और हजार गुना पुण्यलाभ प्राप्त करें। महिलाएं पीली साड़ी में एवं पुरुष पीले कुर्ते पजामे में सम्मिलित हो। 13 अगस्त बुधवार को सुबह 9 बजे वेटरिनरी हॉस्पिटल के सामने टैक्सी स्टैण्ड के पास बने मंदिर में सभी को एकत्रित होना है। वहीं से कलश लेकर नगर भ्रमण के लिए श्रीमद् भागवत की शोभायात्रा निकाली जाएगी।

# मृत्यु अनुदान, छात्रवृत्ति व कार्यालय में पंजीयन करवाने ई-केवाईसी अनिवार्य : श्रीवास्तव

## जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सीधी में सैनिक सम्मेलन का हुआ आयोजन



नवभारत न्यूज

**सीधी 12 अगस्त। ग्रुप कैप्टन सिद्धार्थ श्रीवास्तव सेनि. जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सीधी म.प्र. द्वारा जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सीधी के सम्मेलन कक्ष में सीधी जिला के भूतपूर्व सैनिकों/सैनिक विधवाओ, वीर नारियों तथा भूतपूर्व सैनिको के परिजनो के कल्याण हेतु सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में कुल 63 भूतपूर्व सैनिक एवं सैनिक विधवाएँ सम्मिलित हुये।**

सैनिक सम्मेलन में मुकेश शिवहरे, मजिस्ट्रेट एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी तथा मनीष कौशिक जिला विधिक सेवा अधिकारी की उपस्थिति में नालसा वीर परिवार सहायता योजना 2025 के अंतर्गत सेवारत सैनिकों, भूतपूर्व सैनिको/ सैनिक विधवाओ, वीर नारियो को कानूनी मदद हेतु सीधी जिले में में नालसा विधिक सेवा केंद्र क्रियान्वित किया गया। सैनिक सम्मेलन में सैनिक कल्याण से जुड़े हुये विभिन्न मुद्दों एवं समस्याओं तथा उनके शीघ्र समाधान हेतु किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा हुई एवं संवाद हुआ। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने भूतपूर्व सैनिकों/सैनिक विधवाओं/वीर नारियों एवं पूर्व सैनिकों के आश्रितों द्वारा उठाई गई समस्याओं का उचित निराकरण एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु आश्वासन दिया एवं समुचित आदेश दिये। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने केन्द्रीय सैनिक बोर्ड, भारत सरकार एवं राज्य सैनिक बोर्ड, म.प्र. सरकार द्वारा दी जानी वाली अनुदान सहायता, विभिन्न योजनाओ एवं स्कीम/सुविधाओ के बारे में अवगत कराया तथा सूचित किया कि राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के आदेश पर म.प्र. सरकार द्वारा अनुदान राशियां और बढ़ाई जा चुकी है। उन्होने सूचित किया कि म.प्र. सरकार ने आदेश दिया है कि समग्र पोर्टल पर पंजीयन एवं ई-केवाईसी अनिवार्य है। मृत्यु अनुदान, छात्र वृत्ति एवं इस कार्यालय में पंजीयन करवाने के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस फंड के लिए लक्ष्य से बहुत अधिक राशि इकट्ठा करने एवं उत्कृष्ट कार्य हेतु जिलाध्यक्ष सिंगरौली एवं ज़िला सैनिक कल्याण अधिकारी को राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया है। उन्होने भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों के मेडिकल सहायता हेतु सीधी ज़िले में ईसीएचएस हेतु हॉस्पिटल एमपनेलमेंट दिसंबर 2025 तक पूरे हो जाने की जानकारी दी। सम्मेलन में मुकेश शिवहरे एवं मनीष कौशिक ने सभी सैनिकों/सैनिक विधवाओं/वीर नारियों एवं पूर्व सैनिकों के आश्रितों को आश्वस्त किया की सीधी जिले में नालसा विधिक सेवा केन्द्र के द्वारा उन्हे निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान की जाएगी। ग्रुप कैप्टन सिद्धार्थ श्रीवास्तव सेनि. जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सीधी, मुकेश शिवहरे मजिस्ट्रेट तथा भूतपूर्व सैनिको/सैनिक विधवाओ ने पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए एक पेड़ माँ के नाम' अभियान हेतु वृक्षारोपण किया।

### परिवार का रिकार्ड अपडेट कराना आवश्यक

सैनिक सम्मेलन में सभी भूतपूर्व सैनिकों को सूचित किया गया कि उन्हें अपने सभी दस्तावेज़ एवं परिवार का डाटा, जन्म दिनांक नाम इत्यादि रिकार्ड आफिस में अपडेट करना आवश्यक है एवं आधार/पैन के इत्यादि ई-केवाईसी के साथ जमा करना आवश्यक है, अन्यथा अनुदान या पेंशन बाधित हो सकता है। विभिन्न अनुदान राशियों में किए गए बढ़ोत्तरी एवं नवीनतम रेट भी सभी उपस्थित व्यक्तियों को सूचित किया गया एवं संचालनालय सैनिक कल्याण मप्र द्वारा प्रेषित भूतपूर्व सैनिको एवं उनके आश्रितों के लिए उपयोगी जानकारी पुस्तिका भी बांटी गयी एवं सभी के प्रश्नो का समुचित उत्तर दिया गया।